दिनांक 22.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने वाले दानदाताओं की कमी नहीं आज 15 लोगों ने किया डोनेशन

भिलाई नगर। डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने के लिए दानदाता खुलकर सामने आ रहे है। आज सेक्टर 05 देवांगन महिला समिति , एलआईजी जोन कं. 02 की आशा गोंड , सिरसा रोड से आशीष अग्रवाल , शिक्षक नगर कोहका के रवि सोनी , बजरंग पारा कोहका के निशीकांत शर्मा , सिरसा रोड से खुबलाल साहू , आर्य नगर के गोल्डी मिश्रा , आर्य नगर के रूपेश किराना स्टोर्स , सिरसा रोड कोहका के प्रवीर जंघेल , हाउसिंग बोर्ड से नरेन्द्र कौर, भाठापारा कोहका के निर्मल सिंह, कोहका पुरानी बस्ती से मो. रफीक पूर्व पार्षद, कुरूद रोड से शशांक साहू, टाटा लाइन के प्रमोद यादव व बजरंग पारा कोहका के गिरवर बंटी साहू ने चांवल, दाल, तेल, मसाला, आलू, आटा, नमक, पोहा इत्यादि राहत सामग्री प्रदान कर जरूरतमंदों की मदद की है। लॉक डाउन में भूखे , गरीब, असहाय एवं इसी प्रकार के अन्य लोगों तक सहायता प्रदान करने अब आप अपने घर पर ही रह कर डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद से राहत पैकेट इत्यादि प्रदाय करके सहयोग कर सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद ले सकते हैं साथ ही निगम के हेल्पलाइन नंबर 6260008819, 9907878744 एवं 9109176812 पर संपर्क करके वाहन को अपने घर तक दान करने के लिए बुलाया जा सकता है। लॉक डाउन के दौरान लोग घर से नहीं निकल पा रहे है परंतु जरूरतमंदों की मदद के इच्छुक है ऐसे लोग डोनेशन ऑन व्हील्स की मदद से राहत पैकेट या अन्य राशन सामग्री जरूरतमंदों के लिए दे सकते हैं। निगम प्राप्त राशन सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने से वाहन का लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी जिसे दान देने के लिए घर तक बुलाया जा सकता है। लॉक डाउन की तिथि बढ़ने के बाद दान देने वाले आगे आ रहे हैं और जरूरतमंदों के लिए राहत सामग्री डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए देकर मदद कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी